SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CS (MAIN) Exam : 2017

STH–D–PSYC

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कार्मिक चयन में स्व-प्रतिवेदन व्यक्तित्व प्रश्नावलियों की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the role of self-report personality inventories in personnel selection.

*(b)* वैयक्तिक भिन्नताओं के संप्रत्यय का किस प्रकार उद्भव हुआ, व्याख्या कीजिए एवं व्यवसाय निर्देशन के लिए इसके महत्त्व को समझाइए।

Explain how the concept of individual differences emerged and state its importance for vocational guidance.

*(c)* व्यक्ति-केन्द्रित चिकित्सा में विसंगति के संप्रत्यय की व्याख्या कीजिए।

Explain the concept of incongruence in person-centred therapy.

*(d)* वैयक्तिक निर्णयों की अपेक्षा सामूहिक निर्णयों के लाभ और हानि की विवेचना कीजिए।

Discuss the advantages and disadvantages of group decision-making over decisions made by individuals.

*(e)* मनोविकृत व्यक्तित्व को समझाइए एवं यह विसामान्य व्यवहार से कैसे सम्बन्धित है, स्पष्ट कीजिए।

Explain psychopathic personality and state how it is related to deviant behaviour.

**2.** *(a)* कार्य अभिप्रेरण के अन्तर्वस्तु एवं प्रक्रिया सिद्धान्तों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। भारतीय संदर्भ में मास्लो के कार्य अभिप्रेरण सिद्धान्त की उपादेयता पर टिप्पणी कीजिए।

Distinguish between content and process theories of work motivation. Comment on the applicability of Maslow's theory of work motivation in the Indian context. 15

*(b)* पूर्व-अपचारी किशोरों के संदर्भ में दोष-शोधन स्कूलों के महत्त्व और इनकी आवश्यकताओं की विवेचना कीजिए।

Discuss the importance and requirements of orthogenic schools in the context of pre-delinquent adolescents. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(c) व्यवहार चिकित्सा में पारस्परिक संदमन की व्याख्या कीजिए और उसके सैद्धान्तिक आधार को व्यक्त कीजिए।

Explain reciprocal inhibition in behaviour therapy and point out its theoretical basis. 20

**3.** (a) भारतीय संदर्भ में प्रतिभासंपन्न बच्चों को अभिलक्षित और परिपोषित करने की प्रक्रिया की विस्तृत विवेचना कीजिए।

Elaborate the process of spotting and nurturing gifted children in the Indian context. 15

(b) एलिस की व्यवहारपरक संज्ञानात्मक चिकित्सा का वर्णन इसमें निहित चरणों के साथ कीजिए।

Explain the behavioural cognitive therapy by Ellis with the steps involved in it. 15

(c) मनोमितीय अनुमाप में एकांश प्रमाणीकरण की क्या भूमिका है? इसमें निहित चरणों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

What is the role of item validation in psychometric scaling? Briefly describe the steps involved. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**4.** (a) नेतृत्व-सम्बन्धी विभिन्न सिद्धान्तों के प्रकाश में किस प्रकार के नेता सामाजिक परिवर्तन लाने में प्रभावी होंगे?

In the light of various theories of leadership, what kind of leaders will be effective in bringing about social change? 15

(b) व्यामोहाभ और अव्यामोहाभ मनोविदलता में विभ्रम और मतिभ्रम अन्तर्वस्तुएँ कैसे भिन्न होते हैं, व्याख्या कीजिए।

Explain how hallucinations and delusional contents differ in paranoid and non-paranoid schizophrenia. 15

(c) सामाजिक समस्याओं के समाधान में समुदाय की क्या भूमिका है? महिलाओं के विरुद्ध अपराध को सम्भालने के लिए समुदाय को संलिप्त करने के लिए एक योजना तैयार कीजिए।

What is the role of the community in handling social problems? Prepare a plan for involving the community to handle crime against women. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* आजकल के संगठनों में बहुसंस्कृतिवाद और विविधता के कारण उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों की विवेचना कीजिए।

Discuss the challenges and opportunities offered by multiculturalism and diversity in today's organizations.

*(b)* संज्ञानात्मक कार्यों के निष्पादन पर ध्वनि के अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक उद्भासन के प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

Explain the effects of short-term and chronic exposure to noise on the performance on cognitive tasks.

*(c)* किशोरों पर सूचना प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास के क्या मनोवैज्ञानिक परिणाम सामने आए हैं?

What are the psychological consequences of the fast development in information technology on adolescents?

*(d)* मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के प्रयोग द्वारा खेल की टीमों में संसक्तिशीलता कैसे बढ़ाई जा सकती है, व्याख्या कीजिए।

Explain how cohesiveness can be promoted in sport teams by using psychological principles.

*(e)* हिंसा के कारण विश्वभर में बहुत-से लोगों को अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ती है। ऐसे हिंसाग्रस्त लोगों को किन मनोवैज्ञानिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है? इनके पुनर्वास-सम्बन्धी योजना की व्याख्या कीजिए।

A large number of people all over the world are forced to leave their homeland because of violence. What are the psychological problems faced by such victims of violence? Discuss a plan for their rehabilitation.

**6.** *(a)* सापेक्षिक वंचन क्या है? वर्तमान भारतीय परिदृश्य में किशोर व्यवहार पर इसके परिणामों की विवेचना कीजिए।

What is relative deprivation? Explain its consequences on adolescent behaviour in the current Indian scenario. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(b) 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम की सफलता को कौन-से मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक कारक सुसाध्य बनाएँगे? सूचना प्रौद्योगिकी और जन-संचार माध्यमों द्वारा इस कार्यक्रम को किस प्रकार प्रोत्साहित किया जा सकता है?

Which psychological and cultural factors will facilitate the success of 'Beti Bachao Beti Padhao' programme? How can this programme be promoted through information technology and mass media? 15

(c) अन्तरासामूहिक अभिवृत्तियों से आप क्या समझते हैं? ऐसी अभिवृत्तियों को सामाजिक परिघटना क्यों समझा जाता है?

What do you understand by intergroup attitudes? Why are such attitudes considered to be a social phenomenon? 20

**7.** (a) अन्तरासामूहिक सम्पर्क परिकल्पना और पार-संवर्गीकरण शोध के परिप्रेक्ष्य में भारत में सामाजिक एकीकरण को कैसे प्रोत्साहित किया जा सकता है, विवेचना कीजिए।

Discuss how social integration can be promoted in India in the light of intergroup contact hypothesis and crossed categorization research. 15

(b) मानव-मशीन तंत्र क्या है? इस संदर्भ में वायुयानों की प्रदर्शन (डिस्प्ले) प्रणालियों की अभिकल्पना में मानव अभियांत्रिकी के अनुप्रयोगों की व्याख्या कीजिए।

What is man-machine system? In this context, explain the applications of human engineering in designing the display systems of the aircrafts. 15

(c) उद्यमी व्यवहार के अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए। उद्यमी व्यवहार प्रशिक्षण द्वारा कैसे उपार्जित किया जा सकता है, इसकी आलोचनात्मक विवेचना कीजिए। भारतीय संदर्भ में साक्ष्य प्रस्तुत कीजिए।

Explain the characteristics of entrepreneurial behaviour. Discuss critically as to how entrepreneurial behaviour can be cultivated through training. Cite evidence in the Indian context. 20

**8.** (a) तीव्र वैज्ञानिक एवं तकनीकी अभिवृद्धि के पर्यावरणीय निम्नीकरण पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए। पर्यावरणीय निम्नीकरण को कम करने में मनोवैज्ञानिकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Explain the effects of rapid scientific and technological growth on environmental degradation. Discuss the role of psychologists in reducing environmental degradation. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(b) मूल्य विकास में जन-संचार माध्यमों की भूमिका की व्याख्या कीजिए। समाजोन्मुखी मूल्यों के प्रोत्साहन के लिए जन-संचार माध्यमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

Explain the role of mass media in value development. How can the mass media and information technology be used for promoting pro-social values? 15

(c) सुविधा-वंचित समूह के अन्तर्गत आने के कारण होने वाले मनोवैज्ञानिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिणामों की विवेचना कीजिए। सुविधा-वंचित समूहों को विकासोन्मुख बनाने के लिए शिक्षित और अभिप्रेरित करने के पदक्रम सुझाइए।

Explain the psychological, socio-cultural and economic consequences of belonging to a disadvantaged group. Suggest the steps to educate and motivate disadvantaged groups towards development. 20

★ ★ ★

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE